तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कंधे पर उठाकर बीमार गौवंश को पहुंचाया...

12 हॉकी खिलाड़ियों का उपमुख्यमंत्री अरुण ...


B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# मोहरेंगा में आवास चौपाल, लंबित पीएम आवास जल्द पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लंबित आवासों का निर्माण शीघ्र पूरा कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत बेमेतरा की ग्राम पंचायत मोहरेंगा में आवास चौपाल आयोजित की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। चौपाल में लंबित आवासों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिन हितग्राहियों ने किश्त मिलने के बावजूद निर्माण शुरू नहीं किया था या अधूरा छोड़ दिया था, उनसे कारण पूछे गए और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों ने हितग्राहियों से समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा करने तथा योजना की राशि का सही उपयोग करने की अपील की। इस दौरान प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास में वर्षा जल संरक्षण के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग के तहत सोख्ता गड्ढा बनाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के बाद जिला पंचायत सीईओ ने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों, वीबीजी रामजी अंतर्गत निर्मित तालाब तथा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने और तय समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है, जिसके लिए जिला प्रशासन लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है।

### शिक्षा और आधारभूत ढांचे के विकास से ही आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा : अरुण साव

# भिभौरी को मिली उच्च शिक्षा की बड़ी सौगात 4.65 करोड़ की लागत से बनेगा नया कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल व विधायक दीपेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड के भिभौरी में लोक निर्माण विभाग द्वारा आयोजित समारोह में 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नवीन कॉलेज भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने इसे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि राज्य सरकार गांव-गांव तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, रजक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी सहित कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगई ,जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पद्माकर एवं जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि नया कॉलेज भवन बनने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों की नई गति दिखाई दे रही है और सरकार जनता से किए हर वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भिभौरी सहित ▶▶|शेष पेज 11 पर




खबर संक्षेप

## चालक ने मासूम को वाहन से गिराया, गिरफ्तार



**भिलाई।** स्कूली वाहन के चालक ने लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाने के कारण चार वर्षीय बालक के गिरने से घायल हो गया। शिकायत पर चालक को पुलिस ने पकड़ा है। छावनी पुलिस ने बताया कि करुणा अस्पताल के पास, नंदिनी रोड भिलाई में स्कूल वाहन सीजी 07 सीजेड 5111 में सवार होकर बालक को घर छोड़ने के दौरान चालक खुर्सीपार निवासी हरजीत सिंह लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर बालक को गिरा दिया। हादसे में बालक के माथे, हाथ, पैर एवं दाहिने गाल पर चोटें आईं। घायल बालक के परिजनों ने शिकायत पुलिस से किया। तब जाकर पुलिस ने चालक के खिलाफ कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया। चालक फोरवेल्स स्कूल का वाहन चलाता है।

## रंजिश के चलते हत्या का प्रयास, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी योगेश सूर्यवंशी सेक्टर-6 स्थित पेट्रोल पंप से बाइक पर पेट्रोल भराकर रिसाली डीपीएस चौक निकल रहा था। इस दौरान बाइक से पीछे से आकर बेसबॉल डंडे से पीड़ित पर वार कर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने फरार आरोपियों की खोजबीन की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हरिश यादव, अमन मूर्ति को पकड़ा गया। आरोपी फरार है।

## 3 लाइसेंस निलंबित, 953 बोरी खाद जब्त

# जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता गुणवत्ता पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्रशासन ने बताया लक्ष्य के मुकाबले 110% यूरिया और 212% सिंगल सुपर फास्फेट का भंडारण

जिला प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण और वितरण सुनिश्चित किया गया है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में खाद की उपलब्धता के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता और कालाबाजारी पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन के अनुसार जिले के लिए 68,300 मीट्रिक टन खाद भंडारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 66,560 मीट्रिक टन खाद प्राप्त हो चुकी है, जो पिछले वर्ष के कुल वितरण का 103 प्रतिशत है। इनमें से 45,953 मीट्रिक टन खाद किसानों को वितरित की जा चुकी है, जो कुल उपलब्ध खाद का लगभग 67 प्रतिशत है। प्रशासन ने बताया कि जिले के लिए 16,200 मीट्रिक टन डीएपी का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध अब तक 6,699 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराया गया है। वहीं सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) की 11,698 मीट्रिक टन तथा एनपीके की 7,725 मीट्रिक टन उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। लक्ष्य के मुकाबले यूरिया का 110 प्रतिशत, एसएसपी का 212 प्रतिशत और एनपीके का 77 प्रतिशत भंडारण किया जा चुका है। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे डीएपी के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) और एनपीके उर्वरकों का भी उपयोग करें। विभाग के अनुसार एसएसपी में 16 प्रतिशत फास्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर होता है, जो फसलों की बेहतर वृद्धि और उत्पादन में सहायक है। संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने से किसानों को बेहतर उत्पादन मिलेगा। प्रशासन ने यह भी बताया कि खाद की गुणवत्ता बनाए रखने और ▶▶|शेष पेज 11 पर

# आवासहीनों को पट्टा देने अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण, पारदर्शी प्रक्रिया पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध और नियमानुसार मिले भूमि का अधिकार

छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्तियों को पट्टाधृति अधिकार अधिनियम-2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शनिवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में राजस्व एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों, पात्रता निर्धारण और पट्टा वितरण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में अधिकारियों को सर्वेक्षण, आवेदन परीक्षण, अभिलेख सत्यापन, दावा-आपत्ति के निराकरण, पट्टा स्वीकृति और वितरण की पूरी प्रक्रिया को शासन के दिशा- निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधीक्षक भू-अभिलेख आशुतोष गुप्ता एवं राजस्व निरीक्षक खुमान देशमुख ने अधिनियम के कानूनी एवं तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए इसके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि अधिनियम का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों के पात्र आवासहीन व्यक्तियों को भूमि पर वैधानिक अधिकार प्रदान कर उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण में एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई, एसडीएम साजा पिंकी मनहर, जिले के सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), सर्वेक्षण दल के सदस्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वेक्षण से लेकर पट्टा वितरण तक की संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया।







# उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बेरला आगमन पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने किया स्वागत



**बेमेतरा/बेरला।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव के बेरला आगमन पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सौजन्य मुलाकात और चर्चा हुई।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ग्रामीण अधोसंरचना, सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन ▶▶|शेष पेज 11 पर

# निगम आयुक्त 1.50 करोड़ और एमआईसी 10 करोड़ तक विकास कार्य को करेंगे मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में विकास कार्यों की स्वीकृति प्रक्रिया को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नए आदेश के तहत विभिन्न निकायों में अधिकारियों एवं निर्वाचित परिषदों की वित्तीय शक्तियों का निर्धारण किया गया है, जिससे विकास कार्यों के अनुमोदन और निविदा प्रक्रिया में स्पष्टता आएगी। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के बाद प्रकरण को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। खास बात यह है कि निकायों की जनसंख्या के आधार पर अधिकारियों एवं परिषदों की वित्तीय सीमा निर्धारित की गई है। जो दुर्ग, भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा नगर निगमों में लागू होंगे। इसके अलावा तीन नगर पालिकाओं में कुम्हारी, अमलेश्वर, अहिवारा व जामुल और तीन नगर पंचायतें पाटन, धमधा व उतई में नई व्यवस्था लागू की जा सकेगी।

## भिलाई, दुर्ग, रिसाली ,भिलाई तीन चरोदा सहित निकायों में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति की नई व्यवस्था लागू

### जनसंख्या के हिसाब से निगमों में ऐसी व्यवस्था

**10 लाख से अधिक जनसंख्या**

10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले निगम में आयुक्त 1.50 करोड़ रुपए तक की प्रशासनिक स्वीकृति दे सकेंगे। 1.50 करोड़ से 6 करोड़ रुपए तक के कार्य मेयर-इन-काउंसिल तथा 6 करोड़ से 10 करोड़ रुपए तक के कार्य निगम परिषद की स्वीकृति से होंगे।

**तीन लाख जनसंख्या वाले निगम**

3 लाख से 10 लाख जनसंख्या वाले निगमों में आयुक्त को 1 करोड़ रुपए तक की शक्ति दी गई है। 1 से 3 करोड़ रुपए तक के कार्य मेयर-इन-काउंसिल तथा 3 से 10 करोड़ रुपए तक के कार्य निगम परिषद स्वीकृत करेगी।

**तीन लाख से कम जनसंख्या वाले निगम**

3 लाख से कम जनसंख्या वाले निगमों में आयुक्त 50 लाख रुपए तक, मेयर-इन-काउंसिल 50 लाख से 2 करोड़ रुपए तक तथा निगम परिषद 2 करोड़ से 6 करोड़ रुपए तक के कार्यों को मंजूरी दे सकेगी।

### नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत में यह तय

नगर पालिका परिषदों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ), प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल और परिषद की वित्तीय शक्तियां अलग-अलग निर्धारित की गई हैं। बड़ी नगर पालिकाओं में सीएमओ 2 लाख रुपए तक तथा छोटी नगर पालिकाओं में 1 लाख रुपए तक के कार्यों को स्वीकृति दे सकेंगे। नगर पंचायतों में सीएमओ को 50 हजार रुपए तक की प्रशासनिक स्वीकृति का अधिकार दिया गया है।



### टेंडर में अब ऐसी होगी अमानत राशि

1 लाख से 5 लाख रुपये तक की निविदा पर 1 प्रतिशत अमानत राशि जमा करनी होगी, जो न्यूनतम 2 हजार रुपये से कम नहीं होगी। 5 लाख से 2 करोड़ रुपये तक की निविदा पर 0.75 प्रतिशत अमानत राशि देनी होगी, जो न्यूनतम 5 हजार रुपये होगी। 2 करोड़ रुपये से अधिक की निविदाओं पर 0.50 प्रतिशत अमानत राशि निर्धारित की गई है। इसकी सीमा न्यूनतम 1.50 लाख रुपये और अधिकतम 5 लाख रुपये तक रखी गई है।

### ठेकेदारों का नया वर्गीकरण

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और क्षमता के आधार पर ठेकेदारों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। जिसमें श्रेणी ए में 10 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य, कोई ऊपरी सीमा नहीं। श्रेणी बी में 2 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक के कार्य। श्रेणी सी में 1 करोड़ से 2 करोड़ रुपये तक के कार्य। श्रेणी डी में 1 करोड़ रुपये तक के कार्य और श्रेणी ई में 20 लाख रुपये तक के ब्लॉक स्तर के कार्य किए जा सकेंगे।

## खबर संक्षेप



### पावर प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में पावर प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा विषय पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) में किया गया। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग (एसईडी) द्वारा नेशनल सेफ्टी काउंसिल (एनएससी), मुंबई के सहयोग से आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन (पीबीएस) एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी तथा महाप्रबंधक पी कृष्णमोहन उपस्थित थे।

श्री देवदत्त सतपथी ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित करने, प्रश्न पूछने तथा अपने व्यावहारिक अनुभव साझा कर अधिकतम लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। कृष्णमोहन ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक कार्यों में अपनाकर विभाग में मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित करने का आग्रह किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों का संचालन नेशनल सेफ्टी काउंसिल, मुंबई के विशेषज्ञ संकाय सदस्य पीके सिंह व बीके लुहा द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान पावर प्लांट सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, संवादात्मक चर्चा, सत्र आयोजित किए गए।

## कृषि विभाग से बदली व्यवस्था, अब राजस्व विभाग और सहकारी समिति करेंगे पंजीयन

# एक ऋण पुस्तिका में दर्ज सभी लोगों का एग्री स्टेक पंजीयन अनिवार्य, तभी बेच सकेंगे धान

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की व्यवस्था इस बार बदल दी गई है। एक ऋणपुस्तिका में दर्ज सभी लोगों के नाम से पंजीयन करवाना होगा। तभी धान बेच सकेंगे। वहीं पिछले साल तक कृषि विभाग एग्री स्टेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करवा रहा था लेकिन इस बार अब सहकारी समितियां और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से पंजीयन करेंगे।

31 अक्टूबर तक किसानों को पंजीयन के लिए समय दिया गया है। खास बात यह है कि ऐसी भी व्यवस्था की गई है कि यदि कोई किसान अपने खेत को अधिया या रेगहा में दिया है तो इसे लेने वाले किसान के नाम से भी एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन होगा। इसके लिए संबंधित कृषि भूमि के मालिक और रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट पेपर होना चाहिए। दुर्ग जिले में पिछले साल वर्ष 2025-26 में 1.12 लाख किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया था, लेकिन पोर्टल में तकनीकी खामियां आने की वजह से किसानों को परेशानी उठानी पड़ी।

## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन करवाने की नई व्यवस्था से होगी किसानों को सुविधा



### इस तरह समझें पंजीयन की बदली व्यवस्था

**अधिया व रेगहा वालों का ऐसा पंजीयन**

**केस 1** यदि कोई किसान की 10 एकड़ जमीन है और वह छत्तीसगढ़ से बाहर रहता है। उसने अधिया या रेंगहा पर कृषि जमीन ली है। तो कृषि जमीन के मालिक और अधिया रेगहा लेने वाले किसान के बीच विधिवत एग्रीमेंट की कापी एग्री स्टेक पोर्टल में अपलोड करना होगा। इसका सत्यापन राजस्व विभाग से जुड़े पटवारी व अधिकारी करेंगे। जिस खसरा नंबर पर जमीन है उसका भुईंया पोर्टल में अपलोड कर पुष्टि की जाएगी। धान बेचने पर रेगहा व अधिया लेने वाले किसान के खाते में ही पैसा आएगा।

**एक ऋण पुस्तिका में 4 पंजीयन**

**केस 2** रामलाल नामक किसान के चार पुत्र हैं। रामलाल की मृत्यु हो गई और उनके चारों पुत्रों के नाम पर फावती आ गई लेकिन नामांतरण नहीं हुआ है। उस स्थिति में रामलाल के एक ऋण पुस्तिका में उनके चारों पुत्रों का नाम आएगा। चारों के नाम से एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन करवाया जाएगा।

**जमीन खरीदी व ब्रिकी पर पंजीयन**

**केस 3** यदि श्यामलाल नामक किसान ने इस साल अपनी 3 एकड़ कृषि जमीन बेच दी। उसकी जमीन रामकुमार ने खरीदी। ऐसे में एग्री स्टेक पोर्टल में श्यामलाल का रकबा कटेगा और रामकुमार नए किसान के रूप में दर्ज होगा। इसी तरह यदि कोई किसान जितनी जमीन बेचता है या खरीदता है तो उतना हिस्सा एग्रीपोर्टल में कम या ज्यादा दर्ज करवाना जरूरी है। ऋण पुस्तिका, आधार व लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य रहेगा।

### 3 स्थानों पर जमीन तो 1 आईडी

यदि किसी किसान का जमीन तीन स्थानों में है तो एक ही आईडी बनेगा लेकिन खाते में तीन लोगों का नाम दर्ज है तो सभी का यूनिक आईडी बनेगा। नियमानुसार पंजीयन के बाद पंजीकृत किसानों की सूची उपलब्ध कराने शासन स्तर से निर्देश दिए गए है।

### इस तरह पंजीयन की प्रक्रिया करें किसान

जिन किसानों ने अब तक एग्री स्टेक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें ऋण पुस्तिका के साथ आधार कार्ड ले जाकर कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में जरुरी प्रोसेस कराना होगा। इसके लिए लिंक मोबाइल नंबर बताना होगा। पहले सिर्फ मुखिया को पंजीयन कराना होता था। जिसके आधार पर समर्थन मूल्य पर धान बेचते थे लेकिन अब उनके सह खातेदारों के नाम भी दर्ज होंगे।

### सूची ग्राम पंचायत व सेवा सहकारी समिति में चस्पा

एग्री स्टेक पंजीयन के लिए खातेधारों, सह खातेदारों एवं खाते के सभी खसरा नंबर का पंजीयन अनिवार्य कराना है। छूटे हुए खातेदार, सह खातेदारों, किसानों की सूची ग्राम पंचायत व समिति में चस्पा होने के साथ-साथ हल्का पटवारी एवं आईओ के पास भी उपलब्ध है। हल्का पटवारी को गांव में तीन बार मुनादी कराने निर्देश दिए गए है। राजस्व व कृषि विभाग के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान बेचने के लिए सभी श्रेणी के किसानों के लिए एग्री स्टेक (किसान आईडी) पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जितने भी नाम शामिल है, सभी का पंजीयन अनिवार्य किया गया है।

## सेवानिवृत्त फौजी पति, सास समेत परिवार के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** दहेज प्रताड़ना मामले में पुलिस ने सेवानिवृत्त भारतीय सेना के जवान समेत सास, ननद और अन्य के खिलाफ प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, मारपीट, चरित्र पर संदेह और जान से मारने की शिकायत महिला पुलिस थाने में दर्ज कराई है। महिला पुलिस थाना ने बताया कि निक्की पासवान की शादी 21 अक्टूबर 2021 को सेक्टर-6 स्थित आर्य समाज मंदिर में नागौर जिला राजस्थान निवासी मूलचंद सरवा से हुई थी। वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त है। महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के शुरुआती दो वर्ष तक सब कुछ ठीक चल रहा था। बेटा के जन्म के बाद पति, सास गीता बाई, ननद ललिता और पति के पहली पत्नी का बेटा मनीष सरवा का व्यवहार बदल गया। आरोप है कि ससुराल पक्ष दहेज में कुछ नहीं लाने की बात कहकर प्रताड़ित करते थे। मायके से नकदी लाने का दबाव भी बनाता था। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ गाली-गलौज, मानसिक प्रताड़ना और मारपीट पीड़िता के साथ की जाती थी। पीड़िता ने शिकायत में कहा कि पति उस पर चरित्रहीन होने का आरोप भी लगाया करता था।

## इंटकवेल से जलापूर्ति बाधित होने पर नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल में झेंझरी इंटकवेल से जलापूर्ति बधित होने पर अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने निरीक्षण किया। जहां पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की सूचना पर निरीक्षण के दौरान इंटकवेल का मुख्य पाइप फटने की जानकारी मिली। उसे तुरंत अपडेट कर जामुल पालिका क्षेत्र के लोगों को पेयजल समस्या से निदान करने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नपा के अधिकारियों को पाइप की मरम्मत का कार्य जल्द करे। जल्द से जल्द नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल हो सके। नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को मरम्मत कार्य की सतत निगरानी करने और जलापूर्ति शीघ्र सामान्य करने के निर्देश दिए है। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक सहयोग और संयम बनाए रखें। जलापूर्ति बहाल करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण में सीएमओ रमाकांत साहू, उप अभियंता सचिन भागवत, ओम ओबेरॉय समेत कर्मी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री गृह सम्मान योजना के तहत पूर्ण आवास वाले हितग्राहियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है, उन्हें मुख्यमंत्री गृह सम्मान योजना के तहत नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्ण आवास वाले समस्त पात्र हितग्राहियों को सम्मान प्रदान करते हुए उनके नए आवास के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 76 हितग्राहियों का मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों को ''कार्य पूर्ण प्रमाण पत्र'' प्रदान किया गया है जिसमें नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, एम आई सी सदस्य चंद्रशेखर गवई, उपायुक्त डी के कोसरिया, प्रधानमंत्री आवास योजना के



नोडल अधिकारी अजीत कुमार तिग्गा, कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद प्रदीप सेन, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, सामाजिक विशेषज्ञ किरण चतुर्वेदी, इंजीनियर आदित्य ठाकुर , कुणाल सिंह, अभिषेक बजाज, वास्तुविद अविनाश जैन एवं मनीष यादव के पूरे सर्वेयर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भिलाई के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कोसा नाला स्थित बौद्ध भूमि परिसर में पौधरोपण किया गया।

## पद्मश्री दिवंगत तीजन के योगदान का हो सही मूल्यांकन

विमल शंकर झा ⏭भिलाई

अपनी अप्रतिम कला साधना से आधी सदी से अधिक वक्त तक औद्योगिक तीर्थ भिलाई सहित छत्तीसगढ़ की माटी को देश दुनिया में सुवासित करने वालीं पंडवानी

- **कलाकारों व परिवार को लोककला अकादमी व परिजनों को नौकरी की आशा**

गायिका और गुरु पद्मविभूषण तीजन बाई का अवसान अपने प्रदेश की ही नहीं बल्कि पूरे देश की कभी न भर पाने वाली क्षति है। लंबे दर्दनाक पक्षाघात से उनका निधन उनकी लंबी बीमारी और मुफलिसी से जूझ रहे परिवार ही नहीं कला जगत के लिए भी वज्राघात है। देश की इस सांस्कृतिक दूत का तंबूरे की तान



हमेशा के लिए मौन हो जाने से पंडवानी जगत की रिक्तता के साथ उनके जरुरतमंद बड़े संयुक्त परिवार के जीविकोपार्जन पर संकट आ गया है। तीजन बाई के परिजनों और कलाकारों को केंद्र व राज्य सरकार से भिलाई में लोक कला अकादमी के गठन के साथ उनके ताजिंदगी संघर्षशील परिवार के परिजनों को शासकीय नौकरी उबलब्ध कराने की उदारमना आशा है।

70 के दशक में पैतृकग्राम गनियारी से मात्र 10 बरस की नन्ही सी उम्र से कापालिक शैली में पंडवानी गायन कर शुरु कर 6 दशकों तक छग व पूरे देश सहित 18 देशों में छग की कलापताका फहराने वाली तीजन बाई की कला की तरह उनका संघर्ष व योगदान भी अनूठा है। अशिक्षा, गरीबी और पुरुषप्रधान दकियानूसी समाज के काल में चौतरफा संघर्ष कर जिस ऊंचे मयार पर वे पहुंची उसकी नजीर कम ही मिलती है। बीएसपी की कर्मचारी बतौर उन्हें नेहरु पुरस्कार सहित भारत सरकार के पद्मश्री, पद्मभूषण व पद्मविभूषण, संगीत नाटक अकादमी अलंकरण व रविशंकर विवी रायपुर सहित 5 विवि डाक्टरेट की मानद उपाधि पाने व देश विदेश में 50 से अधिक शिष्य तैयार करने वाली वें छग की इकलौती पंडवानी गायिका हैं। असीम लगन से सामाजिक बहिष्कार माहौल में गलकर, तपकर विपरीत हालतों में भी पुत्र के हृदयाघात से मरणासन्न पक्षाघात फिर 5 जुलाई को दिवंगत तीजन बाई जहां लोककलाजगत की लाइट हाउस तो अपने 33 सदस्यीय परिवार की इकलौती पारनहाल भी थीं। परिजनों ने बताया कि 3 साल बेड पर रहने और छग व प्रदेश तथा बाहर हर पैथी का मंहगा इलाज के साथ पंडवानी कार्यक्रमों पर विराम से लाखों रुपए खर्च होने से रिटायर व दिवंगत पंडवानी गुरु के निम्न मध्यम वर्गीय परिवार के सामने अब आगे परिवार का भरणपोषण कैसे होगा यह सवाल परिवार व कलाकार दोनों की मथ रहा है। परिवार में 3 में सिर्फ 1 पुत्र दिलहरण जीवित होने व 3 बेटों एक गोद ली हुई बेटी के बच्चे पुत्र पौत्रों व नातियों का परिवार है जिनमें कोई भी शासकीय नौकरी में नहीं होने से आय का बड़ा जरिया नहीं है। तीजन के सहकलाकार व पीएस रहे धन्नूलाल सिन्हा व मनहरण सार्वा ने बताते हैं कि पंडवानी गुरु के दीर्घ योगदान को देखते हुए छग व केंद्र सरकार को छग में लोककला अकादमी स्थापना के साथ परिजनों को शासकीय नौकरी देकर हमारी सरकार उनके कला ऋण से उऋण होने का सौभाग्य हासिल कर सकती है। तीजन बाई की आखिर तक सेवा करने वालीं बहू रेण बताती हैं कि उन्हें विश्वास है कि छग सरकार व सीएम जरुर तीजन बाईजी की स्मृति में कुछ बड़ी कला संस्थान की सौगात के साथ हमारे जरुरतमंद परिवार के मदद के लिए परिजनों को सरकारी नौकरी देंगे। वरि. रंगकर्मी नकुल महलवार बताते हैं कि तीजन बाई को भारत रत्न की मांग कला जगत कर रहा है।

## दुर्ग जिले में शिक्षा सुधार की कवायद, जेडी डॉ. राव ने प्राचार्यों की तय की जवाबदारी

# पहली से लेकर बारहवीं तक अकादमिक कार्य करेंगे प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

संयुक्त संचालक डॉक्टर के . वी.राव शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा दुर्ग जिले की समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों,विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ,सहायक जिला परियोजना अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा की बैठक ली ।बैठक में उन्होंने सर्वप्रथम समस्त प्राचार्यों को यह स्पष्ट किया कि प्राचार्य की भूमिका हाई /हायर सेकंडरी विद्यालय तक नहीं है अपितु कक्षा पहली से 12वीं तक की संपूर्ण जवाबदारी एक संकुल प्रभारी के रूप में है जो न केवल अपने विद्यालय के लिए जवाबदार होंगे बल्कि उनके अधीन संकुल के सभी विद्यालय के अकादमिक कार्यों की समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु जवाबदार भी होंगे। संयुक्त संचालक ने शिक्षा मंत्री की मंशा अनुरूप कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के स्तर सुधार हेतु किस प्रकार कार्य किया जाना है इस पर विस्तार से चर्चा की गई।

### शिक्षकों की कमी पर अपनाएंगे बहु शिक्षण सिस्टम

संयुक्त संचालक डॉ. राव ने कहा कि एक विद्यालय में पांच कक्षाओं के लिए यदि मात्र दो या तीन शिक्षक हैं तो बहु कक्षा शिक्षण अध्यापन का तरीका अपनाया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों को ब्लूप्रिंट की चार अवधारणाएं - ज्ञानात्मक ,अवरोध,कौशल और अनुप्रयोग की स्पष्ट समझ होनी चाहिए यह बेहतर परिणाम लाने का उचित व शशक्त माध्यम हो सकता है। उपस्थित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को प्रशासनिक मॉनिटरिंग के बजाय कक्षा 1 से 12वीं तक सघन एकेडमी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।





### 15 दिनों के अंतराल में पाठ्यक्रम का किया जाएगा रिव्यू

प्राचार्य को 15 -15 दिन के अंतराल में स्टाफ की बैठक कर पाठ्यक्रम का रिव्यू करने को कहा गया क्योंकि कई बार यह देखा जाता है कि शिक्षकों के द्वारा पाठ्यक्रम के निर्धारित क्रमानुसार अध्यापन नहीं कराया जाता है जबकि पाठ्यक्रम वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सीखने के क्रम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाता है। यह भी निर्देश दिए गए कि विद्यालय में स्थापित स्मार्ट बोर्ड का समुचित उपयोग हो तथा समुचित उपयोग हेतु शिक्षकों का स्मार्ट बोर्ड पर कार्य करने का नियमित अभ्यास होना अनिवार्य है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थी एवं कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष रणनीति तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में सभी प्राचार्य को नई शिक्षा सत्र में अकादमी स्तर सुधार हेतु फोकस होकर संपूर्ण जवाबदारी के साथ कार्य करने को कहा गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के साथ-साथ संभाग एवं जिला स्तर के अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## यादव और साहू समाज भवन की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली नगर निगम अंतर्गत ग्राम डुंडेरा के वार्ड 35 और 36 में लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने पूजा-अर्चना कर नवीन विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में यादव समाज सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रुपए और साहू समाज भवन के लिए 10 लाख रुपए की राशि भी शामिल है। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि साहू समाज और यादव समाज के भवन की जो मांग वर्षों से थी, वह आज पूरी हो रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार समाज के हर वर्ग के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### डीएपी खाद की कमी पर कांग्रेस का हमला

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन, कृषि विभाग और मार्कफेड की लापरवाही के कारण बेमेतरा जिले के किसान डीएपी खाद से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिल्दा, भाटापारा और डब्ल्यूजीसीआर जैसे नजदीकी रैक प्वाइंट पर डीएपी की आपूर्ति होने के बावजूद मांगपत्र नहीं भेजे जाने से जिले को पर्याप्त आवंटन नहीं मिल रहा है। छाबड़ा ने कहा कि धान की फसल के लिए डीएपी सबसे उपयुक्त और किफायती उर्वरक है, लेकिन किसानों को इसकी जगह महंगे एनपीके और कॉम्प्लेक्स खाद खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उनका आरोप है कि जिले की अधिकांश सहकारी समितियों में डीएपी नाममात्र की मात्रा में उपलब्ध है, जो किसानों की जरूरत के मुकाबले बेहद कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति किसानों को धान उत्पादन से हतोत्साहित करने की रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है। कांग्रेस किसानों की इस समस्या को खेत से लेकर विधानसभा और संसद तक उठाएगी तथा जरूरत पड़ने पर आंदोलन भी करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर बेमेतरा और कृषि संचालनालय रायपुर को पत्र भेजकर जिले में तत्काल पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हुई तो किसानों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

### सरकारी योजनाओं का लाभ अब हर जरुरतमंद तक

**भिलाई।** श्रम विभाग द्वारा संचालित जनकल्याण श्रमिक योजना और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रमिक कार्ड पंजीकरण, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मोर्चा द्वारा की गई, जिसके पश्चात श्री वृद्धि जनकल्याण संस्था ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराया। शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने सहभागिता कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

### सड़क हादसों में आई कमी

**भिलाई।** सड़क हादसों में कमी आने को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने आंकड़ा पेश किया है। जिसमें माह जून 2026 में सिर्फ 6 मौत बताया गया है। बल्कि वर्ष 2025 की तुलना में 2026 में तीस प्रतिशत की कमी आई है। जून 2025 की तुलना में जून 2026 में 12 कम मौतें हुई है। सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से व्यापक अभियान संचालित किया गया। ओवरस्पीड, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने, नो-पार्किंग अन्य ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई किया जा रहा है। नेशनल हाइवे के ब्लैक, ग्रे स्पॉट में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है। ट्रैफिक सुधार, चेतावनी संकेतक, जन-जागरूकता गतिविधियां त्वरित सहायता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

# झमाझम बारिश से खेतों में लौटी रौनक, धान रोपनी ने पकड़ी रफ्तार

## बारगांव क्षेत्र में खेतों में पर्याप्त नमी और जलभराव से किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

कई दिनों के इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश ने बारगांव क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत दी है। खेतों में पर्याप्त पानी भरने के साथ ही धान की रोपनी ने रफ्तार पकड़ ली है। गांव-गांव में किसान खेतों में उतरकर रोपाई कार्य में जुट गए हैं और खरीफ खेती ने गति पकड़ ली है। लगातार हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी और जलभराव हो गया है, जिससे धान की रोपाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। जिन किसानों ने बारिश के इंतजार में रोपनी रोक रखी थी, उन्होंने भी अब काम शुरू कर दिया है. खेतों में लहलहाती धान की पौध और रोपनी में जुटे किसानों की चहल-पहल ग्रामीण इलाकों में नई उम्मीद जगा रही है। किसानों को इस बार अच्छी धान की पैदावार की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा तो सिंचाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च बचेगा और धान की बेहतर पैदावार होगी। समय पर हुई बारिश से खेती की लागत कम होने के साथ उत्पादन बढ़ने की उम्मीद भी मजबूत हुई है।



### किसानों की नजर अब मौसम पर

किसान राम यादव का कहना है कि फिलहाल बारिश ने राहत जरूर दी है, लेकिन पूरे सीजन में संतुलित वर्षा जरूरी है। यदि लगातार अत्यधिक बारिश हुई या अचानक वर्षा थम गई तो फसल प्रभावित हो सकती है। इसलिए मौसम का संतुलित बने रहना आवश्यक है। बारिश के बाद खेतों में हरियाली लौट आई है। पानी से भरे खेत, धान की रोपनी में जुटे किसान और ग्रामीण इलाकों की बढ़ी चहल-पहल यह संकेत दे रही है कि सीमांचल में खरीफ खेती अब रफ्तार पकड़ चुकी है। किसानों को उम्मीद है कि मौसम ने साथ दिया तो इस बार धान की अच्छी पैदावार होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### कृषि विशेषज्ञों ने बताया अनुकूल समय

*कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जुलाई का पहला पखवाड़ा धान रोपनी के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है। इस दौरान पर्याप्त वर्षा होने से पौधों का विकास बेहतर होता है और अच्छी उपज मिलने की संभावना बढ़ जाती है।*

## एफएलएन पर शिक्षकों को मिला विशेष प्रशिक्षण

# जिले में दो चरणों में सम्पन्न हुआ नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण चारों विकासखंड—बेमेतरा, साजा, नवागढ़ एवं बेरला में एसआरजी पवन कुमार देवांगन (जिला प्रभारी), डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे एवं प्रकोष्ठ प्रभारी जी.एल. खुटियारे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जिला रिसोर्स पर्सन (डीआरपी) के रूप में गिरिजा पटेल, यामिनी बर्मन, जय कुमार मालाकार, आशा चंदेल एवं खिलेंद्र साहू ने सहभागिता निभाई। प्रत्येक विकासखंड को चार जोन में विभाजित कर ब्लॉक रिसोर्स पर्सन (बीआरपी) की टीमों ने शिक्षकों को गतिविधि आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया। डीआरजी गिरिजा पटेल ने बताया कि नवीन एनसीईआरटी/एससीईआरटी पाठ्यपुस्तकों पर आधारित एफएलएन प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के अनुरूप प्रभावी शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना है। प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित शिक्षण, सतत मूल्यांकन, आकलन एवं असाइनमेंट तैयार करने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। एसआरजी पवन कुमार देवांगन ने बताया कि वर्ष 2025-26 से लागू नई एनसीईआरटी आधारित हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तकों की समग्र समझ विकसित करने के साथ-साथ मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन-लेखन कौशल और दैनिक शिक्षण योजना तैयार करने पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चों को स्थानीय परिवेश, खेल-सामग्री एवं दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को सरल और रोचक बनाने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत शिक्षकों को असाइनमेंट दिए गए, जिन्हें विद्यार्थियों के साथ पूर्ण कर 8 जुलाई तक संकुल केंद्रों में जमा करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद 10 एवं 11 जुलाई को आयोजित अंतिम चरण के दो दिवसीय प्रशिक्षण में खेल, योग एवं कला शिक्षण को पाठ्यक्रम में प्रभावी रूप से शामिल करने तथा इन उद्देश्यों की पूर्ति में शिक्षकों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई।




प्रशिक्षण के सफल संचालन पर बीआरसी साजा खेमलाल साहू, बीआरसी बेमेतरा राजेंद्र कुमार साहू, बीआरसी बेरला कमलेश कुमार निषाद, बीआरसी नवागढ़ कमलेश कुमार साहू, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू तथा राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका केवरा सेन ने प्रशिक्षण दल को बधाई देते हुए नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

# रेलिंग के सहारे सेल्फी बन सकती है जानलेवा, शिवनाथ नदी में सुरक्षा बढ़ाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बरसात के मौसम में शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ संभावित हादसों को देखते हुए शिवसेना ने नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग उठाई है। शिवसेना भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शिवनाथ नदी के किनारे लगी सुरक्षा रेलिंग के आसपास भीड़ पर प्रतिबंध लगाने और आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि बरसात के दौरान बड़ी संख्या में लोग शिवनाथ नदी का बढ़ा हुआ जलस्तर देखने पहुंचते हैं। इस दौरान कई लोग सुरक्षा रेलिंग के सहारे खड़े होकर मोबाइल से फोटो, वीडियो, रील और सेल्फी बनाने में व्यस्त रहते हैं। भीड़ और उत्साह के कारण लोग यह भूल जाते हैं कि नदी किनारे की जमीन फिसलन भरी और बेहद खतरनाक होती है। शिवसेना का कहना है कि कई लोग रेलिंग पर शरीर का पूरा भार डालकर खड़े हो जाते हैं और अन्य लोग भी उनकी देखा-देखी ऐसा करने लगते हैं। लंबे समय तक नमी और पानी के संपर्क में रहने से लोहे की रेलिंग और पाइपों में जंग लगने की आशंका रहती है, जिससे उनकी मजबूती प्रभावित हो सकती है। ऐसी स्थिति में रेलिंग के सहारे खड़े लोगों के सीधे गहरे पानी में गिरने का खतरा बना रहता है।संगठन ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, भीड़ को नियंत्रित करने और लोगों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग तथा पुलिस निगरानी बढ़ाने की मांग की है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि बरसात के दौरान तेज बहाव वाली नदियों के किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं और सेल्फी या वीडियो बनाने के लिए अपनी जान जोखिम में न डालें।

# वेतन विसंगति के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की संभाग स्तरीय बैठक दुर्ग में आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं, वेतन विसंगति, निजीकरण और संगठन को मजबूत बनाने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान वेतन विसंगति और निजीकरण के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हुंकार भरते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी।

इम्पेक्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संरक्षक और सलाहकार ओपी शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में बढ़ता निजीकरण गंभीर चिंता का विषय है। नियमित पदों पर भर्ती नहीं होने से लैब टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, स्टाफ नर्स और फार्मासिस्ट जैसे कोर्स करने वाले युवाओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि जीवनदीप समिति के कर्मचारियों को नियमित पदों पर समायोजित किया जाना चाहिए और स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति जल्द दूर की जानी चाहिए। प्रदेश महामंत्री और प्रवक्ता सैय्यद असलम ने बताया कि संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान को तेज करने तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में आठवें वेतनमान लागू होने से पहले स्वास्थ्य कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर कराने के लिए शासन-प्रशासन पर दबाव बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य कर्मचारियों पर हुई दंडात्मक कार्रवाई की निंदा करते हुए निर्दोष कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने तथा बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली की मांग उठाई गई। इसके लिए संघ का प्रतिनिधिमंडल दुर्ग कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के सचिव से मुलाकात करेगा। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित पदोन्नति पर भी नाराजगी जताई गई।

### बर्खास्तगी को बताया अन्यायपूर्ण

*दुर्ग जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में बढ़ता निजीकरण युवाओं के रोजगार पर सीधा असर डाल रहा है। उन्होंने जिले के पांच स्वास्थ्य कर्मचारियों की बर्खास्तगी को अन्यायपूर्ण बताते हुए इसे कर्मचारियों का शोषण करार दिया। बैठक के दौरान नर्सिंग कैडर की मंजू राय को उनकी सेवाओं के लिए शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वाहन चालक अब्दुल सलीम खान को सेवानिवृत्ति पर और सहायक ग्रेड-2 नशकर टंडन को वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। बैठक में प्रदेश और संभाग के पदाधिकारी और विभिन्न जिलों के स्वास्थ्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन संभागीय अध्यक्ष अजय नायक ने किया।*

## पेज 9 का शेष

### भिभौरी को मिली उच्च...

पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों की लंबे समय से आधुनिक कॉलेज भवन की मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह भवन शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में शिक्षा, सड़क और अन्य विकास कार्यों को भी इसी गति से आगे बढ़ाया जाएगा। सांसद विजय बघेल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार निवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नया कॉलेज भवन ग्रामीण विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देगा तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाने का आह्वान किया। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने निर्माणाधीन कॉलेज भवन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्य की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए समारोह में पधारे सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों एवं विद्यार्थियों में नए कॉलेज भवन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

### जिले में खाद की पर्याप्त...

कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। अब तक की कार्रवाई में तीन खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, तीन मामलों में 953 बोरी खाद जब्त की गई है तथा चार प्रकरणों में खाद विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रशासन के अनुसार खरीफ सीजन में किसानों को समय पर पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से खाद की उपलब्धता, वितरण और गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसानों को खेती के लिए आवश्यक उर्वरक बिना किसी परेशानी के मिल सकें।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव का ...

के बीच बेहतर समन्वय से विकास कार्यों में तेजी आती है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

# 38 साल से अनवरत बांट रहे संतोष देवांगन, रोजगार नहीं, मानते हैं जिम्मेदारी

**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** आधुनिक दौर में जहां लोग बेहतर आय और सुविधाओं के लिए बार-बार रोजगार बदल रहे हैं, वहीं थान खम्हरिया नगर के संतोष देवांगन पिछले 38 वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अखबार वितरण का कार्य कर रहे हैं। उनके लिए यह केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज और पाठकों के प्रति एक जिम्मेदारी है। सुबह चार बजे उठना, अखबारों की गड्डी तैयार करना और साइकिल पर पूरे नगर में घर-घर अखबार पहुंचाना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। 56 वर्ष की उम्र में भी उनका उत्साह और समय की पाबंदी पहले जैसी ही है। संतोष देवांगन ने मात्र 18 वर्ष की उम्र में हॉकर का काम शुरू किया था। उस समय पिता की बीमारी के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी और पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ी। परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए उन्होंने अखबार वितरण का कार्य अपनाया। शुरुआत में वे प्रतिदिन 50 से 100 अखबार बांटते थे, लेकिन वर्षों की मेहनत, भरोसे और पाठकों के विश्वास ने उन्हें आज 600 से अधिक अखबारों के वितरण तक पहुंचा दिया है।




बीते 38 वर्षों में शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो जब संतोष ने अपने काम से छुट्टी ली हो। तेज बारिश, कड़ाके की ठंड या भीषण गर्मी हर मौसम में वे समय पर पाठकों तक अखबार पहुंचाते हैं। नगर के हर मोहल्ले, हर गली और लगभग हर ग्राहक का पता उन्हें जुबानी याद है। संतोष केवल एक हॉकर नहीं, बल्कि नगर के पत्रकारों और पाठकों के बीच एक भरोसेमंद साथी के रूप में जाने जाते हैं। नगर के अधिकांश पत्रकारों से उनका पारिवारिक संबंध जैसा अपना पन है। वर्षों से वे अखबारों को सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का दायित्व निभा रहे हैं।

संतोष बताते हैं कि इसी काम से उन्होंने अपने परिवार का पालन-पोषण किया। चार बच्चों की पढ़ाई, दो बेटियों की शादी, घर का राशन, इलाज और अन्य सभी जिम्मेदारियां उन्होंने अखबार वितरण की कमाई से पूरी कीं। वे कहते हैं कि आर्थिक तंगी के कारण अपने कई सपनों और इच्छाओं का त्याग करना पड़ा, लेकिन बच्चों की पढ़ाई और परवरिश में कभी कमी नहीं आने दी।

नगर के वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम अग्रवाल, जितेंद्र उपाध्याय, तथा पत्रकार संघ के अध्यक्ष फिरोज खान का कहना है कि संतोष देवांगन समय की पाबंदी, ईमानदारी और जिम्मेदारी की मिसाल हैं। उन्होंने कभी शिकायत का अवसर नहीं दिया। दशकों से वे पूरी निष्ठा के साथ पाठकों तक समाचार पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। डिजिटल युग में जहां मोबाइल और सोशल मीडिया के कारण अखबार पढ़ने की आदत कम होती जा रही है, वहीं संतोष का उत्साह आज भी कम नहीं हुआ है। संतोष देवांगन की जीवन यात्रा यह साबित करती है कि कोई भी काम छोटा नहीं होता। थान खम्हरिया में संतोष देवांगन आज केवल एक हॉकर नहीं, बल्कि समर्पण, अनुशासन और संघर्ष के जीवंत प्रतीक बन चुके हैं।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कंधे पर उठाकर बीमार गौवंश को पहुंचाया दो किलोमीटर दूर गौधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा

साजा मुख्यालय के युवा गौसेवक हरीश चौहान अपनी निस्वार्थ सेवा और जीवों के प्रति संवेदनशीलता के कारण क्षेत्र में अलग पहचान बना चुके हैं। घायल या बीमार बेजुबान जीव की सूचना मिलती है तो हरीश चौहान बिना समय गंवाए मौके पर पहुंच जाते हैं। उनका मानना है कि सेवा का कोई समय नहीं होता और किसी भी बेजुबान की पीड़ा को देखकर चुप बैठना मानवता के खिलाफ है।

हाल ही में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के दौरान उन्हें सूचना मिली कि एक गौवंश खेत के भीतर गंभीर रूप से बीमार अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही हरीश चौहान मौके पर पहुंचे और सबसे पहले गौवंश का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद उन्होंने महसूस किया कि उसे उसी खुले खेत में छोड़ना सुरक्षित नहीं होगा। बारिश और बीमारी के कारण उसकी जान को खतरा था। ऐसे में वाहन की सुविधा नहीं होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और बीमार गौवंश को अपने कंधे पर उठाकर लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर अपने गौधाम तक पहुंचाया। वहां उसका लगातार उपचार किया जारी है।

हरीश चौहान का कहना है कि घायल गौवंश का केवल उपचार करना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाना भी जरूरी है। यदि उपचार के बाद उसे फिर उसी असुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाए तो उसकी जान दोबारा खतरे में पड़ सकती है। इसी सोच के साथ वे हर घायल गौवंश को पूरी तरह स्वस्थ होने तक अपने गौधाम में रखकर उसकी देखभाल करते हैं।

## घायल पशु-पक्षियों से लेकर सांप और मेंढकों तक का कराते हैं उपचार, जीवों के प्रति संवेदनशीलता का दे रहे संदेश

### गौसेवक नहीं बल्कि जीव-सेवक के रूप में भी जानते हैं

उन्होंने बताया कि उनके गौशाला में वर्तमान समय में कई ऐसे गौवंश हैं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों से घायल, बीमार अवस्था में लाकर उपचार किया जा रहा है। इनकी दवाइयों, चारे और देखभाल की व्यवस्था समिति और सहयोगियों के माध्यम से की जाती है। उनका उद्देश्य केवल गौवंश को बचाना नहीं, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवन देना भी है। हरीश चौहान की सेवा केवल गौवंश तक सीमित नहीं है। वे घायल कुत्तों, बंदरों, पक्षियों और अन्य बेजुबान जीवों की भी मदद करते हैं। किसी भी जीव के घायल होने की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचकर उसका उपचार कराने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के लोग उन्हें केवल गौसेवक नहीं बल्कि जीव-सेवक के रूप में भी जानते हैं।


युवा गौसेवक हरीश चौहान की सेवा बनी मिसाल

### जीवों के प्रति दया और संवेदनशीलता का संदेश

विशेष बात यह है कि हरीश चौहान उन जीवों की भी मदद करते हैं, जिनसे आमतौर पर लोग दूरी बनाकर रखते हैं। घायल सांप और मेंढक मिलने पर भी वे उनका उपचार कराते हैं और सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। उनका कहना है कि हर जीव प्रकृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और सभी के प्रति दया और संवेदनशीलता रखना हमारा नैतिक दायित्व है। श्री राधे कृष्णा गौसेवा जीवसेवा समिति के माध्यम से हरीश चौहान और उनकी टीम गांव-गांव जाकर लोगों को जीवों के प्रति दया और संवेदनशीलता का संदेश भी दे रही है। समिति लोगों से अपील करती है कि किसी भी बेजुबान जीव पर अत्याचार न करें और यदि कोई पशु या पक्षी घायल दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल दें। इसके अलावा समिति द्वारा बंदरों और प्रवासी पक्षियों पर एयरगन से हमला नहीं करने तथा वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर भी लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचारियों को बचाने कांग्रेस का आंदोलन : शर्मा

**साजा।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के पुतला दहन को लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के सह मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस दुविधा में है। एक ओर पार्टी उन्हें अपना कोषाध्यक्ष मानने से बच रही है, वहीं दूसरी ओर उनकी गिरफ्तारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि रामगोपाल अग्रवाल का पार्टी में क्या दायित्व है। शर्मा ने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान कस्टम मिलिंग और कथित लेवी प्रकरण में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है और इसमें कई अन्य लोगों की भूमिका भी उजागर हो सकती है। कांग्रेस जांच को प्रभावित करने और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को बचाने के उद्देश्य से आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी दोषी को बख्शने वाली नहीं है। धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन से कानून की प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। प्रदेश की जनता कांग्रेस के ऐसे प्रयासों को समझ चुकी है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का समर्थन कर रही है।



### केशव साहू बने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संगठन सचिव

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार केशव साहू को संगठन सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष के अनुमोदन एवं संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में की गई है। नियुक्ति के बाद केशव साहू ने छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को संगठन से जोड़ने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा समाजहित के कार्यों को गति देने के लिए वे निरंतर सक्रिय रहेंगे। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों, युवा साथियों एवं शुभचिंतकों से सहयोग और मार्गदर्शन की अपेक्षा करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। केशव साहू की नियुक्ति से समाज के युवाओं में उत्साह का माहौल है। समाज के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।



### विवाद के चलते हथियार से हमला, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** रंजिश के चलते धारदार हथियार से हमला कर मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि शिवपुरी जामुल स्थित ग्राउंड में रंजिश को लेकर शिवपुरी जामुल निवासी शेष नारायण के साथ वार्ड 17 शिवपुरी निवासी गणेश सिन्हा, सोमेश राज साहू गाली गलौज कर मारपीट कर दिया।

## शाला प्रवेश उत्सव में बारगांव विद्यालय के खिलाड़ियों को दिए प्रशस्ति पत्र

# हॉकी खिलाड़ियों का उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर मंडी प्रांगण बेरला में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय हॉकी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं तथा ऐसे खिलाड़ियों को हरसंभव प्रोत्साहन मिलना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह ने कहा कि उपमुख्यमंत्री के हाथों खिलाड़ियों का सम्मान पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत और व्यायाम शिक्षिका एवं हॉकी कोच तुलसी साहू के समर्पित प्रशिक्षण को दिया। कोच तुलसी साहू ने कहा कि खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों में लगातार अभ्यास कर यह उपलब्धि हासिल की है। सम्मानित खिलाड़ियों में चिंताराम पटेल, तन्नू बेग, निधि पाटिल, विजय विश्वकर्मा, रूपेश कुमार, तुषार यादव, मानसी साहू, ओमकार निषाद, कुलदीप कुमार, करण यादव, नोमिता साहू, दिव्या निषाद, खुशवंत पाल, अशोक कुमार साहू, अनिकेत साहू, कावेरी साहू, लोकेश्वरी साहू और ममता पाल शामिल रहे। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित

# गुमशुदा मामलों के त्वरित निराकरण पर एएसपी सख्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव ने जिले में लंबित गुम इंसान प्रकरणों की समीक्षा बैठक लेकर विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रत्येक लंबित प्रकरण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र तलाश एवं मामलों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में एएसपी हरीश यादव ने थाना एवं चौकी स्तर के विवेचकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक गुम इंसान प्रकरण में गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उपलब्ध तकनीकी संसाधनों, साइबर माध्यमों तथा मुखबिर तंत्र का प्रभावी उपयोग करते हुए गुमशुदा व्यक्तियों का जल्द पता लगाने और प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एएसपी रीडर महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, उप निरीक्षक ओंकार साहू सहित जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी के सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक तथा अन्य विवेचक उपस्थित रहे।

■ विवेचकों को तकनीकी संसाधनों, साइबर माध्यम और मुखबिर तंत्र के प्रभावी उपयोग के दिए निर्देश

## भाजयुमो का कांग्रेस पर हमला कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा बिखर चुका: राहुल टिकरिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा ने युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव ने कांग्रेस के आंतरिक लोकतंत्र और संगठनात्मक ढांचे की बची-खुची साख भी समाप्त कर दी है तथा पार्टी के भीतर चल रही वर्चस्व की लड़ाई अब सार्वजनिक हो गई है।

राहुल टिकरिहा ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस में गुटबाजी और अंतर्विरोध चरम पर पहुंच चुके हैं। उनका कहना है कि जो नेता पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थक माने जाते थे, वही अब उनके खिलाफ खुलकर मैदान में उतर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि विधायक देवेंद्र यादव द्वारा बघेल समर्थित उम्मीदवार के विरोध में प्रत्याशी उतारना कांग्रेस के भीतर बढ़ते सत्ता संघर्ष का प्रमाण है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और युवा कांग्रेस में अनुशासनहीनता अपने चरम पर है तथा पूरा संगठनात्मक ढांचा बिखर चुका है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस का चुनाव अब केवल धनबल और प्रभावशाली लोगों तक सीमित रह गया है, जिसमें सामान्य और गरीब कार्यकर्ताओं के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। राहुल टिकरिहा ने कहा कि प्रदेश की जनता युवा कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति को देख रही है। उनके अनुसार जिस संगठन के भीतर अनुशासन नहीं बचा हो और जो बड़े नेताओं की आपसी खींचतान का अखाड़ा बन गया हो, वह प्रदेश के युवाओं का प्रभावी नेतृत्व करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का मौजूदा संगठनात्मक बिखराव इस बात का संकेत है कि पार्टी पूरी तरह दिशाहीन हो चुकी है।

## फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन, अश्वनी बनर्जी का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

रेस्ट हाउस बेमेतरा में फेडरेशन की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान फेडरेशन के पूर्व जिला संयोजक अश्वनी बनर्जी के सेवानिवृत्त होने पर उनका सम्मान भी किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नानकराम साहू को जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा जी.एल. खुटियारे को महासचिव, हितेन्द्र सिन्हा एवं बसंत कौशिक को उपसंयोजक बनाया गया। नई कार्यकारिणी में राजेश यादव, यासिर इरफान, अशोक सिंह एवं टोपसिंह पटेल को सचिव, राजेश जायसवाल, डी.आर. साहू, संजय मानिकपुरी, पुदेंद्र तिवारी एवं संतोष नामदेव को उपाध्यक्ष तथा विजय टंडन को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इसी प्रकार चेतन बंजारे, दीपक साहू एवं अशोक ध्रुव को सह-कोषाध्यक्ष, योगेन्द्र भार्गव एवं किशन दास मानिकपुरी को प्रवक्ता तथा राहुल बघेल, राजेश सोनी, वीरेंद्र यादव एवं राजेश देशमुख को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धर्मेन्द्र शर्मा, पोखन राम साहू, सुधीर श्रीवास्तव, सिद्धार्थ चटवारे, कमलेश बिसेन, हीरालाल साहू एवं पवन साहू को शामिल किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए पदाधिकारियों ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की जानकारी फेडरेशन के मीडिया प्रभारी के.एस. परते ने दी।

■ रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में नए पदाधिकारियों की घोषणा, नानकराम साहू बने जिला संयोजक

## एएनएम-एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों ने विधायक दीपेश के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एएनएम व एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों ने वर्षों से लंबित वेतन विसंगति और पदनाम परिवर्तन की मांग को लेकर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक के विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर होने के कारण उनका प्रतिनिधि रश्मि शर्मा को ज्ञापन सौंपकर शासन तक कर्मचारियों की मांग पहुंचाने एवं समर्थन पत्र जारी करने का आग्रह किया गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष टार्जन गुप्ता के निर्देश पर राज्यभर में सांसदों और विधायकों को ज्ञापन सौंपकर समर्थन जुटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने बेमेतरा में ज्ञापन सौंपा। संघ ने बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एएनएम व एमपीडब्ल्यू उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत रहकर स्वास्थ्य विभाग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सेवाएं देते हैं। मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन के साथ-साथ आरसीएच, यू-विन, निक्षय, एनसीडी, आईडीएसपी, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, वय वंदन कार्ड तथा एचपीवी टीकाकरण सहित अनेक ऑनलाइन कार्यों का दायित्व भी इन्हीं कर्मचारियों पर है। लगातार बढ़ते कार्यभार के कारण कर्मचारियों पर लक्ष्य समय पर पूरा करने का दबाव बना रहता है। ज्ञापन में कहा गया है कि समान शैक्षणिक योग्यता और प्रशिक्षण अवधि होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत लैब तकनीशियन, रेडियोग्राफर एवं नेत्र सहायक अधिकारियों को अधिक वेतनमान दिया जा रहा है, जबकि एएनएम एवं एमपीडब्ल्यू बहुउद्देशीय और लक्ष्य आधारित कार्य करते हैं। ऐसे में उनकी वेतन विसंगति दूर किया जाना न्यायसंगत है। कर्मचारियों ने पदनाम परिवर्तन की लंबित मांग पर भी शीघ्र निर्णय लेने की मांग करते हुए कहा कि इससे शासन पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल, सुखनाथ गंधर्व, मनोज राजपूत, अनुज यदु, सुनील पात्रे, पंकज गुप्ता, कमलेश बोदेलकर, योगेंद्र भार्गव सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

■ वेतन विसंगति दूर करने और पदनाम परिवर्तन की मांग

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय-परिवार के संयुक्त प्रयासों पर दिया गया जोर

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में प्रथम पालक-शिक्षक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जांता में नवीन शैक्षणिक सत्र की प्रथम पालक-शिक्षक बैठक गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित पालकों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार करना था। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रारंभिक शैक्षणिक प्रगति, अध्ययन की आदतों, अनुशासन, नियमित उपस्थिति, गृहकार्य, नैतिक मूल्यों के विकास तथा आगामी पीटी-1 परीक्षा की तैयारी को लेकर पालकों से विस्तार से चर्चा की। साथ ही अभिभावकों के सुझाव प्राप्त कर



बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए विद्यालय और परिवार के संयुक्त प्रयासों पर विशेष बल दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य पी. एल. जायसवाल ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता में विद्यालय और अभिभावकों की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने पालकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन, सकारात्मक वातावरण और नैतिक संस्कारों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आपसी सहयोग से विद्यार्थी शिक्षा, खेल, संस्कृति और व्यक्तित्व विकास के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करेंगे।

बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन और शिक्षण पद्धति की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं सार्थक बताया। पालकों ने विद्यालय के साथ निरंतर सहयोग का भरोसा भी जताया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई यह बैठक विद्यालय और अभिभावकों के बीच विश्वास, सहभागिता एवं सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है ।

